राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ हिन्दुस्तान पॉवर प्लांट परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

जैतहरी, दिनांक: 26.01.2024

एमबी पावर मध्य प्रदेश लिमिटेड जैतहरी प्लांट परिसर में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के प्लांट प्रमुख एवं सीओओ बसन्ता मिश्रा ने ध्वजारोहण कर समारोह में उपस्थित सभी मेहमानों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और कंपनी के बेहतर संचालन के लिए सभी सहयोगी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि कंपनी, अन्य निजी औद्योगिक इकाइयों की तरह देश के विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, कंपनी बेहतर स्वेच्छा, गुणवत्ता तथा वातावरण को प्राथमिकता देते हुए सस्ती बिजली पैदा करने में अग्रसर रही है। कंपनी के एच.आर.और एडमिन के प्रमुख आर.के. खटाना ने गणतंत्र दिवस की महत्ता और देश के अखंड संविधान पर प्रकाश डाला और कंपनी के द्वारा गत वर्ष में किये गये विकास कार्यों को बताया जिसमें जैतहरी क्षेत्र के अंतर्गत आवागमन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सड़क निर्माण कार्य, कंपनी से प्रभावित ग्रामों के शासकीय विद्यालयों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था हेतु तीन सौ से अधिक डुअल डेस्क बेंचो का वितरण, प्रभावित दो ग्रामों में आगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य इत्यादि शामिल है। समारोह के दौरान सुरक्षा प्रमुख अरविन्द सिंह की अगुवानी में सुरक्षा जवानों ने तिरंगे को सलामी दी। कंपनी के प्रबंधन की ओर से प्लांट प्रमुख बी.के.मिश्रा, ओ.एंड एम. प्रमुख अजीत चोपड़े एवं एच.आर. और एडमिन प्रमुख आर के खटाना, एफ.जी.डी प्रमुख पी. के. सिंह एवं प्लांट ऑपरेशन प्रमुख यश मिश्रा ने कंपनी में कार्यरत उत्कृष्ठ एवं कर्मनिष्ठ कर्मियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। वहीं मैं. रोहिणी ट्रांसपोर्ट को सर्वश्रेष्ठ संविदाकार के तौर पर पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में बाल भारती पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विभिन्न देशप्रेमी प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में आये मेहमानों को खूब अभिभूत किया। प्रस्तुतियों के उपरान्त प्रतिभागी बच्चों को प्रबंधन की ओर से पुरस्कार एवं मिष्ठान वितरण भी किया गया।

पुरस्कार वितरण सत्र का संचालन राधवेन्द्र सिंह एवं अनामिका मण्डल के द्वारा किया गया। वहीं बाल भारती प्रिंसिपल उन्नति जोशी के द्वारा विद्यालय के छात्र अविका उपाध्याय और पृथ्वीराज सिंह द्विवेदी का बाल विज्ञान कांग्रेस द्वारा आयोजित 31वीं राष्ट्रस्तरीय विज्ञान रिसर्च प्रतियोगता में चयन होने पर बधाई दी। कार्यक्रम के उपरांत प्लांट प्रमुख बी के मिश्रा के द्वारा विद्यालय में नवनिर्मित चार कक्षों का उद्धघाटन कर उपस्थित अध्यापको को शुभकामनाएं दी। श्रीकृष्णा पाण्डेय ने समारोह में आये अधिकारियों एवं अन्य मेहमानों के प्रति आभार प्रकट किया।